हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 अप्रैल 2024, समय 1810

- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परिक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित किया।
- हरियाणा के भावेश ख्यालिया ने सिविल सेवा परीक्षा में 46 वां स्थान हासिल किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी है।
- भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रचार तेज़ किया। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया और कुरूक्षेत्र लोकसभा हलके से प्रत्याशी नवीन जिंदल ने लोगों से मिलकर उन्हें जिताने की अपील की।
- हरियाणा के विभिन्न जिलों में स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहल नीति की पालना करने के निर्देश दिए गए।
- पलवल जिले में होडल पुलिस ने 3 किलो 90 ग्राम गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

.........................................................................................................

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं जबकि अनिमेष प्रधान दूसरे और दोनुरू अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है।

भिवानी जिले के गांव झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया ने दूसरे प्रयास में 46वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा भी पास की है जिसमें वे 12वें स्थान पर रहे।

भावेश ने बताया कि उसने बिना कोई कोचिंग लिए 15 से 16 घंटे की नियमित पढ़ाई से यह सफलता हासिल की है। इसके अलावा पानीपत जिले के गांव सिंक के जसवंत मलिक  ने इस परीक्षा में 115वां रैंक हासिल किया। जसवंत ने गत वर्ष हरियाणा सिविल सेवा की परीक्षा भी पास की थी।

सिरसा से कोमल गर्ग ने इस परीक्षा में 221वां और रेवाड़ी जिले के गांव मोतला कलां के गौरव यादव ने 234वां स्थान हासिल किया है जबकि महम की डॉ. प्रगति वर्मा को 355वां रैंक मिला है। इसके अतिरिक्त बहादुरगढ़ के अभिलाष सुंदरम ने चौथे प्रयास में 421वां और जिला महेंद्रगढ़ के अटेली हलके के गांव सैदपुर के दीपक यादव ने 518वां रैंक हासिल कर सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है।

..............................................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 में सफलता हासिल करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि कठिन परिश्रम और समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई है, जिससे वे जनसेवा के क्षेत्र में एक बेहतर भविष्य बना सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि उनके प्रयास आने वाले समय में देश के भविष्य को एक नया आकार देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो उम्मीदवार इस परीक्षा में सफल नहीं हुए, उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, आगे और भी अवसर हैं। श्री मोदी ने कहा कि देश में अवसरों की कमी नहीं है। प्रतिभाशाली लोगों की किस्मत कभी भी चमक सकती है, इसलिए उन्हें निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए।

..............................................................................................................

सर्वोच्च न्यायालय पतंजलि आयुर्वेद के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन के संबंध में अवमानना की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को करेगा। सुनवाई के दौरान योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण उपस्थित थे।

पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भारतीय चिकित्सा संघ ने याचिका दायर की है। इससे पहले 10 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय ने इसी मामले में रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी की मांग खारिज कर दी थी।

..............................................................................................................

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रचार तेज किया।

भारतीय जनता पार्टी की अंबाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया ने अंबाला शहर और पंचकूला के मोरनी खंड के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और उनसे वोट देकर जिताने की अपील की।

मोरनी खंड के दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कई जिला स्तरीय पदाधिकारी उनके साथ रहे। उन्होंने अंबाला शहर में एक पत्रकारवार्ता भी की।

इस दौरान उन्होंने महिला विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किए गए कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया।

श्रीमती कटारिया ने कहा कि गत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्र्ट बनाने के लिए एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी  के उम्मीदवार चुनकर लोसभा में भेजें।

..............................................................................................................

कुरूक्षेत्र लोकसभा हलके से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल ने कहा है कि क्षेत्र के लोगों का सहयोग और समर्थ ही उनकी असली ताकत है।

कैथल में विभिन्न जगह चुनाव प्रचार के दौरान जन समूह को संबोधित करते हुए श्री जिंदल ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। फिर से सरकार बनने पर पहले की तरह अब दी गई गारंटियां भी पूरी की जायेंगी।

..........................................................................................................

फतेहाबाद के उपायुक्त राहुल नरवाल ने स्कूल संचालकों को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के नियमों की पालना करने के निर्देश दिए हैं।

आज विभिन्न स्कूल संचालकों की लघु सचिवालय में ली गई बैठक में उपायुक्त ने उन्हें स्पष्ट कहा कि नीति संबंधी नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा का लेकर स्कूल वाहनों में आवश्यक उपकरणों का होना जरूरी है और किसी भी स्कूल संचालक को कोई छूट नहीं है। श्री नरवाल ने कहा कि सभी स्कूल संचालक 17, 20, 21, 27 और 28 अप्रैल को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर स्कूल बसों से संबंधित सभी दस्तावेज़ पूरे करना सुनिश्चित करे।

एपायुक्त ने कहा कि बसों की सड़क पर जांच नहीं की जायेगी और जांच को लेकर प्रशासन द्वारा कार्यक्रम जारी किया जायेगा।

..........................................................................................................

पलवल में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव शशि वसुंधरा ने स्कूल संचालकों से 10 साल पुराने डीज़ल वाहन और 15 साल पुराने पैट्रोल वाहनों का प्रयोग न करने का आहवान किया है।

आज जिला सचिवालय में सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के संबंध में आयोजित बैठक के बाद सचिव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ऐसे वाहन चलाने पर पाबंदी है इसलिए स्कूल संचालकों के लिए न्यायालय के आदेश का पालन जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना, जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का पालन न करने वालेस्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सुश्री वसुंधरा ने यह भी कहा कि ज़िले के निजी स्कूलों के सभी वाहनों के चालकों व परिचालकों की चिकित्सा जांच करवाई जायेगी और इसके लिए जिला प्राशासन की तरफ से शिविर लगाया जायेगा।

..........................................................................................................

पलवल जिले में होडल पुलिस के नशा विरोधी प्रकोष्ठ ने आज 3 किलो 90 ग्राम गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रकोष्ठ प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मोटर साइकल सवार तस्कर को तुमसरा मोड़ के निकट काबू किया।

तलाशी लेने पर मोटर साइकल की टंकी पर रखे प्लास्टिक के सफेद कटा में 3 किलो 90 ग्राम गांजा मिला। बरामद मादक पदार्थ एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

.................................................................................................

पलवल  के जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा  आज गांव पृथला व हरफली में साढे 9 एकड़ में अवैध रूप से काटी जा रही तीन कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।  इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा सभी अवैध कॉलोनियों में आमजन को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं। उन्होंने जनता से अनुरोध किया है कि भू माफियाओं के बहकावे में आकर वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें तथा अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती।

उन्होंने कहा कि कोई भी कॉलोनी का निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लेना अनिवार्य है। अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान अनुसार में गिराया जा सकता है।

.................................................................................................

आज दुर्गा अष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा से मनाया गया।

हरियाणा के विभिन्न जिलों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में श्रद्धालुओं ने सुबह पूजा अर्चना कर कन्या पूजन किया।

पानीपत, अंबाला, हिसार, कैथल और जींद से हमारे संवाददाताओं ने जिले के विभिन्न मंदिरों में कंजक पूजन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की खबर दी है। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में मां की पूजा कर अपनी, समाज और देश की सुख समृद्धि की कामना की। कई भक्तों ने आज कन्या पूजन के बाद व्रत भी खोले।

कई श्रद्धालु कल नवमी पर मां दुर्गा के नौवें रूप की पूजा कर कन्या पूजन करेंगे। आज कई जगह जागरण का आयोजन भी किया जा रहा है।

.................................................................................................

पानीपत के उपमंडल अधिकारी मनदीप सिंह् ने कहा है कि लोकसभा के आम चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से कराने को लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा 19 अप्रैल को सभी गाँवों में चौपालों व सामुदायिक स्थानों पर शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीण शपथ लेंगे कि वे लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते है व अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेगे व स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्र

............................................................................................................